प्रेस विज्ञप्ति

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केन्द्रीय कार्यालय, मुंबई द्वारा हिन्दी माह समारोह संपन्न

भारत के अग्रणी बैंकों में से एक सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने माननीय प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम वी राव के मार्गदर्शन में दिनांक 14.09.2024 से 14.10.2024 तक हिंदी माह का आयोजन किया. इस दौरान अनेक हिंदी प्रतियोगिताएं एवं कार्यक्रम आयोजित किए गए. दिनांक 14 अक्टूबर 2024 को नरीमन पॉइंट, मुम्बई स्थित केंद्रीय कार्यालय में एक भव्य हिंदी दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में बैंक के सभी 13 अंचलों से चयनित श्रेष्ठ गायकों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. इस अवसर पर बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री विवेक वाही जी ने हिंदी के प्रयोग से बैंक की व्यवसाय वृद्धि पर बल देते हुए सभी स्टाफ सदस्यों को अपने दैनिक कामकाज में हिन्दी का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग कर राजभाषा प्रयोग बढ़ाने में सहयोग देने हेतु आवाहन किया. इस अवसर पर महाप्रबंधक – राजभाषा सुश्री पॉपी शर्मा ने अपने संबोधन में राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए दैनंदिन कामकाज में उसके प्रयोग पर बल दिया.

कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ कार्यपालक तथा अन्य कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे.

इस कार्यक्रम के दौरान हिन्दी माह में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार प्रदान किए गए एवं अंत में श्री राजीव वार्ष्णेय, सहायक महाप्रबंधक – राजभाषा द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया.

फोटो विवरण : मंचासीन दाये से श्री विवेक वाही, कार्यपालक निदेशक, सुश्री पॉपी शर्मा, महाप्रबंधक-राजभाषा.

फोटो विवरण : मंचासीन बायें से दायें सुश्री पॉपी शर्मा, महाप्रबंधक-राजभाषा, श्री विवेक वाही, कार्यपालक निदेशक एवं श्री राजीव वार्ष्णेय, सहायक महाप्रबंधक – राजभाषा.

Press Release

Hindi Month Celebration by Central Bank of India, Central Office, Mumbai

India's one of the leading bank Central Bank of India, under the guidance of its MD & CEO Shri M.V. Rao, observed Hindi Month from 14.09.2024 to 14.10.2024. During this month, numerous Hindi competitions and other Hindi programs were organized. A Grand Hindi Diwas and Prize Distribution Ceremony was held at Central Office, Nariman Point Mumbai on 14th October 2024. During ceremony, the best singers selected from 13 zonal offices across the country, mesmerized everyone with their performance. On this occasion, Executive Director of the Bank, Mr. Vivek Wahi, emphasized the importance of using Hindi for business growth in the bank. He urged all staff members to increase the use of Hindi in their daily work. General Manager – Rajbhasha, Ms. Poppy Sharma also highlighted the significance of Rajbhasha Hindi and emphasised use of Rajbhasha in daily routine.

The program was attended by senior executives & employees in large number.

During the program, prizes and certificates of various competitions held during Hindi month were distributed and the program concluded with the vote of thanks given by Shri Rajiv Varshney, Assistant General Manager – Rajbhasha.

Photo description: On stage from left to right Ms. Poppy Sharma, General Manager - Rajbhasha, Mr. Vivek Vahi, Executive Director and Mr. Rajiv Varshney, AGM - Rajbhasha.

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया
सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
हिन्दी दिवस